(288)

# बिहार सरकार

सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग

कतरन संख्या ..........................

तिथि ....................201

समाचार-पत्र का नाम ........ हिन्दुस्तान ........

प्रकाशन तिथि ........ 10 SEP 2020 ........

मंत्री/अपर मुख्य

........................

के अवलोकनार्थ

सहायक निदेशक

# चुनावी तैयारी शुरू, 11 को आएंगे नड्डा

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा तेज हो गया है। आगामी 11 सितम्बर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा दो दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे। इसके पहले वे 29 अगस्त को ही बिहार आने वाले थे जो लॉकडाउन के कारण स्थगित हो गया था। भाजपा अध्यक्ष के रूप में वे बिहार दूसरी बार तो आसन्न चुनाव के मद्देनजर यह उनका पहला दौरा है। 11 को ही महाराष्ट्र के पूर्व सीएम व बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी देवेन्द्र फडणवीस भी बिहार आएंगे।

सूत्रों के अनुसार भाजपा अध्यक्ष का दौरा दो दिवसीय होगा। चुनाव की सुगबुगाहट के बीच भाजपा अध्यक्ष का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है।

## भाजपा

- मुजफ्फरपुर में किसान चाची से दरभंगा में मखाना किसानों से मिलेंगे
- देवेन्द्र फडणवीस भी आएंगे बिहार आज आएंगे बिहार प्रभारी भूपेन्द्र

संभावना है कि एनडीए के बीच सीटों की औपचारिक घोषणा भले ही बाद में हो, लेकिन संख्या पर आपसी सहमति बन सकती है। बिहार दौरे में वे भाजपा अध्यक्ष मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही वे भाजपा चुनाव संचालन समिति व चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक कर चुनावी रणनीति पर विमर्श करेंगे। वहीं, 12 सितम्बर को भाजपा अध्यक्ष दरभंगा जाएंगे। वहां वे मखाना उत्पादन करने वाले किसानों व इससे संबंधित लोगों से बात करेंगे। वे खेती के लिए मशहूर किसान चाची राजकुमारी देवी से भी मुजफ्फरपुर में मुलाकात करेंगे। भाजपा अध्यक्ष मुजफ्फरपुर में तीन जिलों के 25 विधानसभा क्षेत्र के प्रभारियों व जिलाध्यक्षों के साथ चुनावी रणनीति पर विमर्श करेंगे।

इसी कड़ी में बिहार भाजपा प्रभारी सांसद भूपेन्द्र यादव 10 सितम्बर की देर शाम बिहार आएंगे। वहीं, 11 सितम्बर को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस पटना के एक होटल में भाजपा के मीडिया सेंटर का शुभारम्भ करेंगे। देश-विदेश के मीडियाकर्मियों से जोड़ने के लिए भाजपा ने यह हाइटेक मीडिया सेंटर बनाया है। वहीं, इन दिनों अभी पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री सौदान सिंह बिहार में डटे हुए हैं। बिहार के दूरदराज से आने वाले नेता-कार्यकर्ताओं से वे हर रोज शाम में मुलाकात कर चुनाव पर फीडबैक ले रहे हैं।

10/9
(एच० आर० श्रीनिवास)

10/9

10/9